# दिनांक-07.07.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, दरभंगा के अधीन दरभंगा जिलान्तर्गत बहादुरपुर प्रखंड के पंचोभ ग्राम में एम्स दरभंगा परिसर में मिट्टी भराई एवं समतलीकरण का कार्य (पार्ट-01 क्षेत्र) (निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-01SBD/2026-27 ग्रुप संख्या-01) के निविदा के तकनीकी बीड पर विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति से प्राप्त अनुशंसा पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक दिनांक-07.07.2026 को Hybrid mode में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नांकित पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया :-

(i) डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री वरूण कुमार, अभियन्ता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना।

(iii) श्री नवल किशोर भारती, मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर (V.C से)।

(iv) श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना।

## तकनीकी बीड

**2.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | कार्य का नाम | :- | दरभंगा जिलान्तर्गत बहादुरपुर प्रखंड के पंचोभ ग्राम में एम्स दरभंगा परिसर में मिट्टी भराई एवं समतलीकरण का कार्य (पार्ट-01 क्षेत्र)। |
| (ii) | स्वीकृत परिमाण विपत्र की राशि | :- | रु0 6674.03 लाख |
| (iii) | निविदा प्रकाशन का विवरण | :- | दैनिक जागरण, दिनांक-14.06.2026<br>पी0आर0 नं0-005613(WRD)2026-27 |
| (iv) | निविदा प्राप्ति की तिथि | :- | दिनांक-23.06.2026 |
| (v) | प्राप्त निविदाओं की सं0 | :- | 10 अदद। |
| (vi) | निविदा की प्रक्रिया | :- | ई-टेन्डरिंग। |
| (vii) | एन0 आई0 टी0 सं0 | :- | 01SBD/2026-27 ग्रुप संख्या-01 |
| (viii) | प्रमंडल का नाम | :- | बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, दरभंगा। |
| (ix) | प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग एवं राशि | :- | स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार का पत्रांक-182(7A) दिनांक-04.06.2026 एवं राशि रू0 184.65 करोड़ । |

**3. विभागीय निविदा समिति की समीक्षा :-**

दिनांक 06.07.2026 को वर्णित निविदा पर विचारार्थ विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें समिति द्वारा मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर से प्राप्त अभिलेखों एवं प्रतिवेदन की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत पाया गया कि वर्णित निविदा में कुल 10 अदद् निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया है, जिसमें से निविदादाता एवेन्डेक्स प्रा0लि0, हाजीपुर, वैशाली द्वारा अग्रधन की राशि जमा नहीं किये जाने के कारण उनका तकनीकी बीड विचारणीय नही है। शेष 09 अदद् निविदादाताओं के निविदा अभिलेखों के समीक्षोपरांत स्थिति निम्नवत् पायी गयी है:-

(i) **गोविन्द इन्फ्रा प्रा0 लि0, अररिया संग्राम, मधुबनी :-** इनके द्वारा तकनीकी बीड से संबंधित समर्पित अभिलेख वांछित अहर्ता के अनुरूप है। अत: ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी करते हैं।

(ii) **जयप्रकाश कॉन्ट्रैक्टर्स प्रा0लि0, रघुनाथपुर, भीमनगर, वीरपुर :-** इनके द्वारा निविदा अभिलेख के ITB के कंडिका 4.7 के अन्तर्गत Existing Commitment and Ongoing Works के संबंध में

E/I से प्रतिहस्ताक्षरित वांछित प्रमाण पत्र/एकरारनामा/कार्यावंटन आदेश जिसमें कार्य की राशि सम्मिलित हो, संलग्न नहीं किया गया है, जिस कारण इनके Bid Capacity की वास्तविक गणना संभव नही है। अतः ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी नहीं करते है।

(iii) **मे0 सत्य साई बिल्डर्स एण्ड कॉन्ट्रैक्टर्स, जनकपुरी, बरेली, उत्तर प्रदेश :-** इनके द्वारा समर्पित बैंक गारन्टी से संबंधित अभिलेख वांछित अहर्ता के अनुरूप नहीं है। साथ ही Key personnel हेतु समर्पित अभिलेख में Site engineer का Irrigation Works में कार्यानुभव एवं Survey engineer से संबंधित अभिलेख संलग्न नही है तथा Key Equipment (Tractor/Tipper/Dumper, Roller) वांछित अहर्ता से कम है। अतः ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी नही करते है।

(iv) **मे0 राजवीर कन्सट्रक्शन प्रा0लि0, सर्कुलर रोड, लालपुर, राँची, झारखण्ड :-** इनके द्वारा तकनीकी बीड से संबंधित समर्पित अभिलेख वांछित अहर्ता के अनुरूप है। अतः ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी करते हैं।

(v) **मे0 बी0एन0बी0 इन्फ्राकॉन इन्डिया प्रा0लि0, कमलापुरी, श्रीनगर कॉलनी, हैदराबाद :-** इनके द्वारा Key personnel हेतु समर्पित अभिलेख में Project Manager का Manager के रूप में कार्यानुभव से संबंधित अभिलेख संलग्न नही है। अतः ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी नही करते हैं।

(vi) **मे0 श्रीप्रकाश एसोसिएट्स, बोकारो, झारखण्ड :-** इनके द्वारा तकनीकी बीड से संबंधित समर्पित अभिलेख वांछित अहर्ता के अनुरूप है। अतः ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी करते हैं।

(vii) **मे0 जीस्को इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, सेक्टर-20, चण्डीगढ़ :-** इनके द्वारा तकनीकी बीड से संबंधित समर्पित अभिलेख वांछित अहर्ता के अनुरूप है। अतः ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी करते हैं।

(viii) **अरिहन्त कॉन्ट्रैक्टर्स प्रा0लि0, वीरपुर, सुपौलः-** इनके द्वारा तकनीकी बीड से संबंधित समर्पित अभिलेख वांछित अहर्ता के अनुरूप है। अतः ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी करते हैं।

(ix) **मे0 त्रिवेणी इन्जीकॉन प्रा0लि0, बिस्टुपुर, जमशेदपुर, झारखण्ड :-** इनके द्वारा तकनीकी बीड से संबंधित समर्पित अभिलेख वांछित अहर्ता के अनुरूप है। अतः ये तकनीकी बीड की निर्धारित सभी अहर्ता पूरी करते हैं।

**4. विभागीय निविदा समिति का निर्णय :-**

विभागीय निविदा समिति द्वारा समीक्षोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति की अनुशंसा पर सहमति देते हुए विषयक कार्य की निविदा में सम्मिलित कुल 09 (नौ) अदद् निविदादाताओं में से कुल छः (06) अदद् निविदादाता यथा **1. गोविन्द इन्फ्रा प्रा0 लि0, अररिया संग्राम, मधुबनी 2. मे0 राजवीर कन्सट्रक्शन प्रा0लि0, सर्कुलर रोड, लालपुर, राँची, झारखण्ड 3. मे0 श्रीप्रकाश एसोसिएट्स, बोकारो, झारखण्ड 4. मे0 जीस्को इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, सेक्टर-20, चण्डीगढ़ 5. अरिहन्त कॉन्ट्रैक्टर्स प्रा0लि0,**

वीरपुर, सुपौल एवं 6. मे0 त्रिवेणी इन्जीकॉन प्रा0लि0, बिस्टुपुर, जमशेदपुर, झारखण्ड तकनीकी बीड में सफल पाये गये तथा तीन (03) अदद निविदादाता यथा 1. जयप्रकाश कॉन्ट्रैक्टर्स प्रा0लि0, रघुनाथपुर, भीमनगर, वीरपुर 2. मे0 सत्य साई बिल्डर्स एण्ड कॉन्ट्रैक्टर्स, जनकपुरी, बरेली, उत्तर प्रदेश एवं 3. मे0 बी0एन0बी0 इन्फ्राकॉन इन्डिया प्रा0लि0, कमलापुरी, श्रीनगर कॉलनी, हैदराबाद तकनीकी बीड में असफल पाये गये।

विभागीय निविदा समिति द्वारा सफल कुल छः (06) अदद निविदादाताओं का वित्तीय बीड खोलकर विभागीय निविदा समिति के समक्ष विचारार्थ उपस्थापित करने हेतु मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर को निदेशित किया गया।

(अरविन्द कुमार वर्मा)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
जल संसाधन विभाग, पटना

07.07.26
(नवल किशोर भारती)
मुख्य अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर

07/07/2026
(वरूण कुमार)
अभियन्ता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, पटना

(चन्द्रशेखर सिंह)
सचिव,
जल संसाधन विभाग, पटना

पत्रांक:-बाढ़(मो0)सि0नि0- 113/2026-2759 पटना/ दिनांक-07/07/2026

प्रतिलिपि:- मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित । अनुरोध है कि विभागीय पत्रांक-786 दिनांक-06.02.2025 के आलोक में भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय ।

7/7/26
(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांक:-बाढ़(मो0)सि0नि0- 113/2026-2759 पटना/ दिनांक-07/7/26

प्रतिलिपि:- कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित ।

7/7/26
(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियन्ता